22Scope LIVE NEWS

## Hazaribagh: बंडासिंगा में नकली शराब फैक्ट्री का भंडाफोड़, भारी मात्रा में अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार




**Hazaribagh:** बरकट्ठा में गोरहर थाना पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध अंग्रेजी नकली शराब व रैपर को बरामद किया है।मामले में पुलिस ने एक कारोबारी को पकड़ा है। इसकी जानकारी गोरहर थाना में बरकट्ठा पुलिस निरीक्षक इमदाद अंसारी एवं गोरहर थाना प्रभारी सोनू कुमार ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर दी।

Hazaribagh: पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर कार्रवाई

उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर सोमवार की अहले सुबह कार्रवाई की गई। इस दौरान पुलिस ने बंडासिंघा गांव के तेली टोला बरसोती नदी के ऊपर तुलसी दास, पिता स्व. चरका दास के मकान में छापामारी की, जहां से पुलिस ने आईकोनिक व्हाइट कंपनी की 180 एमएल व्हीस्की की 48 बोतल, इंपेरियल ब्लू 180 एमएल व्हीस्की की 229 बोतल, रॉयल स्टैग 375 एमएल व्हीस्की की 48 बोतल, आफ्टर डार्क ब्लू रार ग्रीन 180 एमएल की 348 बोतल, छह जरकीन में चालीस लीटर करके कुल 240 लीटर शराब बनाने का केमिकल, पैक करने की मशीन, सैकड़ों खाली बोतल, ढक्कन, रैपर एवं बड़ी संख्या में झारखंड सरकार के स्टीकर को जब्त किया है।

Source: https://22scope.com/hazaribagh-bandasinga-busted-in-fake-liquor-factory-busted-english-liquor-recovered/